

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

पति मिलिंद सोमन को पापाजी कहती हैं अंकिता

मॉडल-ऐक्टर और फिटनेस प्रमोटर मिलिंद सोमन ने बताया है कि उनकी पत्नी अंकिता कुंवर उन्हें प्यार से च्पापाजीज कहकर बुलाती हैं। बता दें कि 53 साल के मिलिंद और 28 साल की अंकिता ने साल 2018 में शादी की थी। इनके बीच उम्र के फासले के कारण यह कपल काफी चर्चा में रहा था। इस मुद्दे पर यह सेलिब्रिटी कपल एक साथ एक विज्ञापन में साथ दिखाई दिया था। इस विज्ञापन पर कई यूजर्स ने कॉमेंट किया था। ऐसे ही एक कॉमेंट में कहा गया था, च्अंकिता को मिलिंद को पापाजी कहकर बुलाना चाहिए।ज इसके जवाब में उन्होंने कहा, च्हां, वह कभी-कभी ऐसा करती हैं।ज अपने पति मिलिंद के इस जवाब पर अंकिता भी खिलखिलाकर हंस दीं। लोगों के अजीब कॉमेंट्स पर अंकिता ने कहा, च्अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिससे पूरी सोसायटी बहुत खुश है लेकिन आप खुद खुश नहीं हैं तो फिर क्या फायदा है।ज मिलिंद ने कहा कि उनकी पत्नी और उनके बीच के उम्र का फासला उतना ही है जितना उनके और उनकी मां के बीच है। उन्होंने कहा, च्मुझे नहीं पता कि यह क्या है लेकिन मैं उनसे प्यार करता हूं।

तापसी पन्नू ने बताया क्यों उन्हें भारत से ज्यादा विदेश में शॉपिंग करना है पसंद

तापसी पन्नू अपनी दमदार ऐक्टिंग से इंडस्ट्री में खास जगह बना चुकी हैं। दर्शकों को भी उन्हें पर्दे पर देखना पसंद है। अगर वह पब्लिक प्लेस पर दिखें तो हर कोई उनका ऑटोग्राफ और सेल्फी लेने के लिए उतावला हो जाता है जो ऐक्ट्रेस और उनकी फैमिली के लिए कभी-कभी मुश्किल बन जाता है, यही वजह है कि अब वह भारत में ज्यादा शॉपिंग के लिए नहीं जातीं।

एक इंटरव्यू में तापसी ने बताया कि उन्हें स्टारडम पसंद है और लोग उन्हें पहचानते हैं इससे उन्हें खुशी मिलती है। फैन्स का प्यार उनके लिए काफी मायने रखता है लेकिन कभी-कभी वे समझ नहीं पाते कि ना का मतलब ना ही होता है। उन्होंने बताया कि यही वजह है कि वह अब पहले जैसे कहीं भी कभी भी नहीं जा सकती हैं।

इस स्थिति से तापसी का परिवार भी काफी परेशानी होता है। ऐक्ट्रेस ने कहा कि उनका परिवार अभी भी इसे लेकर सहज नहीं हो पाया है और उन्हें इस सब से गुजरना भी नहीं चाहिए। तापसी ने आगे कहा कि वह एक आम परिवार से आती हैं और उनके पैरेंट्स अभी भी रात को जल्दी सो जाते हैं। वे उनकी तरह देर रात तक नहीं जाग सकते और उनसे इस उम्र में ऐसे बदलावों की अपेक्षा भी नहीं की जा सकती। तापसी ने बताया कि वह अपने परिवार की पहली ऐसी शख्स हैं जो पब्लिक फिगर है, जिस वजह से उनकी फैमिली अभी भी उनकी लाइफस्टाइल को लेकर चीजें समझने की कोशिश कर रही है।

इन स्थितियों से बचने के लिए तापसी अब विदेश में मॉल या स्ट्रीट मार्केट में घूमना पसंद करती हैं क्योंकि वहां उन्हें कोई पहचान नहीं पाता और वह आसानी से कपड़े ट्राई करने से लेकर उन्हें खरीद सकती हैं, जो चीजें आसान बना देता है।

कंगना ने की बॉलिवुड सितारों की आलोचना



हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री को लेकर अक्सर बेबाक बयान देने वाली कंगना रनौत ने एक बार फिर बॉलिवुड स्टार्स पर हमला बोला है। इस बार उन्होंने सितारों की सूखे से जूझ रहे चेन्नै पर कुछ नहीं बोलने को लेकर आलोचना की है। बताया जा रहा है कि कंगना ने एक इंटरव्यू के दौरान इस बारे में बात की थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, कंगना ने कहा कि यह बड़ा ही निराशाजनक है कि फिल्म इंडस्ट्री चुनिंदा सामाजिक मुद्दों पर ही अपनी राय रखती है। ऐक्ट्रेस को लगता है कि इंडस्ट्री का पूरा ध्यान सिर्फ खुद पर रहता है और उनका जुनून भी गलत चीजों को लेकर है। कंगना रनौत ने कहा कि जब फिल्मों को लेकर कोई परेशानी होती है तो सेंसर बोर्ड में पिटिशन डाली जाती है लेकिन लोकल और सोशल मुद्दों को लेकर ऐसा कुछ नहीं किया जाता। अमेजन के जंगलों में लगी आग के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा कि यह काफी दुखद घटना है। इसे लेकर काफी कुछ कहा गया लेकिन लोकल सामाजिक मुद्दों को लेकर कोई भी सोशल पोस्ट नहीं किया गया। कंगना ने मुंबई के आरे में मेट्रो-3 का कारशेड बनाने के लिए मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटिड द्वारा करीब 2,000 पेड़ों को काटने के प्रस्ताव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर भला किसी ने कोई याचिका क्यों नहीं लगाई।